आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 26.12.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- नैनीताल का विंटर कार्निवाल शुरु; मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– शीतकालीन पर्यटन, आत्मनिर्भर उत्तराखंड की नींव।
- राज्य सरकार ने प्रदेश की दस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को क़ब्जा मुक्त कराया; अतिक्रमण के मामलों में 500 से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त किए।
- भारत–नेपाल सीमा पर काली नदी पर निर्माणाधीन मोटरपुल जल्द ही आवाजाही के लिये शुरु हो जाएगा।
- ऊर्जा निगम ने बिजली चोरी के खिलाफ हरिद्वार के बुक्कनपुर गांव में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

**विंटर कार्निवाल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के शीतकालीन पर्यटन को आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नीव बताया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में रोजगार को नए अवसर सृजित हो रहे हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। वे नैनीताल में आयोजित विंटर कार्निवाल को संबोधित कर रहे थे।

**मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल का विंटर कार्निवाल उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और विरासत को प्रदर्शित करने के साथ–साथ पर्यटन विकास को नई गति दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के शीतकालीन यात्रा के आह्वान के बाद राज्य में शीतकालीन पर्यटन को लेकर उत्साह बढ़ा है, जिससे युवाओं को ट्रेकिंग गाइड, होम–स्टे, होटल और पर्यटन से जुड़े कार्यों में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीतकालीन पर्यटन से लोक कलाकारों, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय उत्पादों को भी नया बाजार मिल रहा है।**

**मुख्यमंत्री ने बताया कि नैनीताल विंटर कार्निवाल से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर नैनीताल जनपद में 121 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 13 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात वर्षों के अंतराल के बाद इतने भव्य रूप में आयोजित यह शीतकालीन कार्निवाल पर्यटकों को राज्य की संस्कृति, परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य से जोड़ रहा है।**

**लैंड जिहाद पर कार्रवाई**

राज्य सरकार ने प्रदेश की दस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्ज़े से मुक्त कराया है। अतिक्रमण के मामलों में 500 से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य के समग्र विकास के साथ–साथ सांस्कृतिक मूल्यों और जनसांख्यिकी के संरक्षण के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के मूल स्वरूप की रक्षा के लिए सरकार ने कई कठोर निर्णय लिए हैं।

**सांसद खेल महोत्सव समापन समारोह**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के ओल्ड मल्टीपरपज हॉल में आयोजित सांसद खेल महोत्सव–2025 के समापन समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव आज ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का प्रभावी मंच बन चुका है। यह आयोजन "फिट इंडिया, स्पोर्ट्स इंडिया, स्ट्रांग इंडिया" की भावना को साकार कर रहा है तथा स्थानीय व पारंपरिक खेलों को भी बढ़ावा दे रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना विकसित की जा रही है तथा स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान के तहत खेल अकादमियों की स्थापना की जा रही है।

**मोटरपुल आवाजाही**

भारत–नेपाल सीमा पर काली नदी पर निर्माणाधीन मोटरपुल जल्द ही आवाजाही के लिये शुरु हो जाएगा। नेपाल के भारत में राजदूत डॉक्टर शंकर प्रसाद शर्मा ने धारचूला उप–मंडल के छारछुम गांव में भारत–नेपाल सीमा पर काली नदी पर बन रहे मोटरपुल पुल के निरीक्षण के ये बात दौरान कही। उन्होंने कहा कि पुल के चालू होने से दोनों देशों के बीच आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा आपसी सहयोग और अधिक मजबूत होगा।

उन्होंने बताया कि चंपावत जिले के बनबसा पुल के बाद यह उत्तराखंड को नेपाल से जोड़ने वाला दूसरा मोटरपुल है।

राज्य लोक निर्माण विभाग ने जानकारी दी कि 110 मीटर स्पैन वाला यह पुल लगभग तैयार हो चुका है। पुल से जुड़ने वाली संपर्क सड़कों का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है, जिसमें एक ओर की सड़क इसी माह के अंत तक और दूसरी ओर की सड़क मार्च 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। सुरक्षा और कस्टम्स से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद पुल को संचालन के लिए खोल दिया जाएगा।

<u>बिजली चोरी/कार्रवाई</u>

ऊर्जा निगम ने बिजली चोरी के खिलाफ हरिद्वार के पथरी क्षेत्र के बुक्कनपुर गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आठ दिसंबर को विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान एलटी लाइन से डायरेक्ट केबल जोड़कर बिजली चोरी करते हुए लोगों को पकड़ा। मौके से अवैध केबल उतरवाकर सील की गई और चेकिंग रिपोर्ट के आधार पर थाना पथरी में तहरीर दी गई।

जांच के दौरान यह पाया गया कि बुक्कनपुर में एलटी लाइन से सीधे केबल जोड़कर बिजली का अवैध उपयोग किया जा रहा था। उपखंड अधिकारी ने कहा कि बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे अभियानों को आगे भी जारी रखा जाएगा। थाना कोतवाली पथरी के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विद्युत विभाग की तहरीर के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

<u>वर्श समापन कड़ी– स्वास्थ्य सेवाएं</u>

वर्ष 2025 के समापन पर, आकाशवाणी समाचार देहरादून अपने श्रोताओं के लिए राज्य में वर्षभर हुई महत्वपूर्ण उपलब्धियों और प्रयासों की श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम बात कर रहे हैं राज्य में सुरक्षित भोजन और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किए गए अहम कार्यों की। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने वर्ष 2025 में जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कई प्रभावी कदम उठाए हैं।

**वर्ष 2025 में राज्यभर में जागरूकता अभियानों के माध्यम से बाजारों, होटल–ढाबों और खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किए गए। इस दौरान हजारों उपभोक्ताओं और खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा बड़ी संख्या में खाद्य नमूने परीक्षण के लिए एकत्र किए गए। कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं से निपटने के लिए फोर्टीफाइड खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया और जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।**
**पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रयुक्त खाद्य तेल के सुरक्षित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत बड़ी मात्रा में तेल एकत्र कर बायोडीजल निर्माण के लिए उपलब्ध कराया गया। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर राज्यभर में कार्यक्रम आयोजित कर स्ट्रीट वेंडर्स को प्रशिक्षण दिया गया और कई सार्वजनिक संस्थानों व रेलवे स्टेशनों को 'ईट राइट' मानकों के तहत विकसित किया गया।**

**खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वर्ष 2025 में हजारों नमूनों की जांच की गई, जिनमें असुरक्षित पाए गए मामलों में न्यायालय में वाद दायर किए गए। इन पर सुनवाई के बाद करोड़ों रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया, जिससे मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त संदेश गया। औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण बढ़ाए गए और नए औषधि निरीक्षकों की नियुक्ति की गई।**

**नशा और मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर रोक के लिए राज्यस्तरीय अभियान चलाया गया, जिसमें निरीक्षण, सैंपलिंग और कानूनी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही विभाग की प्रयोगशालाओं को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया और नई प्रयोगशालाओं की स्थापना की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है।**

**आकाशवाणी देहरादून के लिये समाचार कक्ष से विनोद पोखरियाल**

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन किया। यह ख़बर सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित है। दैनिक जागरण इस ख़बर का शीर्षक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखता है– बिना भेदभाव, सबका विकास ही सच्च सेकुलरिज्म।

नैनीताल में विंटर कार्निवाल के शुभारंभ की खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने स्थान दिया है। नवोदय टाइम्स ने लिखा है– सीएम ने किया 13 विकास कार्यों का शिलान्यास–लोकार्पण।

रेलवे ने गुरुवार रात 12 बजे से नया किराया लागू कर दिया है। इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है – दून की ट्रेनों में भी सफर मंहगा हो गया है, नॉन एसी और एसी श्रेणी में दो पैसे प्रति किलोमीटर इजाफा हुआ है।

ग्रामीण समग्र स्वास्थ्य परियोजनाओं की शुरूआत के समाचार को भी सभी समाचार पत्रों ने स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है– चमोली व टिहरी से ग्रामीण समग्र स्वास्थ्य सेवा परियोजना की शुरूआत।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- नैनीताल का विंटर कार्निवाल शुरु; मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– शीतकालीन पर्यटन, आत्मनिर्भर उत्तराखंड की नींव।
- राज्य सरकार ने प्रदेश की दस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को क़ब्जा मुक्त कराया; अतिक्रमण के मामलों में 500 से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त किए।
- भारत–नेपाल सीमा पर काली नदी पर निर्माणाधीन मोटरपुल जल्द ही आवाजाही के लिये शुरु हो जाएगा।
- **और,** ऊर्जा निगम ने बिजली चोरी के खिलाफ हरिद्वार के बुक्कनपुर गांव में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।